प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष को बताया चिंताजनक : कहा– वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है प्रतिकूल प्रभाव।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद को बैठक में गेहूं खरीद सहित 35 प्रस्तावों को दी गई मंजूरी : नगर पालिकाओं को स्मार्ट बनाने के लिये शुरू होगी नवयुग पालिका योजना।
3. प्रदेश सरकार और निजी कम्पनी के सहयोग से 25 हजार करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक डेटा सेंटर आधारित एआई पार्क किये जायेंगे स्थापित।

और

4. अयोध्या में 27 मार्च को रामनवमी पर होगा रामलला का सूर्य तिलक : दोपहर 12 बजे से 4 मिनट तक दिखेगा अद्‌भुत नजारा।

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष को चिंताजनक बताया और कहा कि इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोकसभा में पश्चिम एशिया पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका कच्चे तेल की कीमतों पर

गहरा असर पड रहा है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ से अधिक भारतीय नागरिक खाड़ी देशों में रहते हैं। भारतीयों की सुरक्षा हमारी बहुत बड़ी प्राथमिकता रही है, अभी 3 लाख 75 हज़ार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संघर्ष तीन सप्ताह से अधिक समय से जारी है और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि दुनिया इस संघर्ष के शीघ्र समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह कर रही है। बाइट......

*भारत में बड़ी मात्रा में कच्चा तेल, गैस और फर्टिलाइजर जैसी अनेक जरूरी चीजें होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते से आती है। युद्ध के बाद से ही होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों का आना जाना बहुत चुनौतीपूर्ण हो गया है। बावजूद इसके हमारी सरकार का यह प्रयास रहा है कि पेट्रोल, डीजल और गैस की सप्लाई बहुत ज्यादा प्रभावित ना हो। देश के सामान्य परिवारों को परेशानी भी कम से कम हो इस पर हमारा फोकस रहा है।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में गेहूं खरीद समेत 35 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पत्रकारों को बताया कि इस वर्ष गेंहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य में केंद्र सरकार द्वारा 160 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि की गई है। मंत्रिपरिषद स इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। बाइट.....

*इस साल गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹2585 प्रति क्विंटल भारत सरकार ने निर्धारित किया है। गत वर्ष की तुलना में ₹160 इसकी प्रति क्विंटल वृद्धि की गई है। 30 मार्च 26 से 15 जून 2026 तक इसकी खरीदारी की जाएगी। राज्य के भीतर कुल आठ क्रय एजेंसियों के द्वारा खरीद की होगी। 6500 क्रय केंद्र सभी पचहत्तर जनपद के भीतर मिलकर के चलेंगे।*

**ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि जिला मुख्यालय के नगर पालिकाओं को स्मार्ट बनाने के लिए बजट में उल्लिखित नवयुग पालिका योजना के प्रस्ताव को भी मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिल गई है। बाइट.....**

*जो जिला मुख्यालय के स्तर की जो हमारी नगर पालिकाएं हैं उनमें भी उसी तर्ज पर उनको भी स्मार्ट बनाने का हम लोगों ने नाम दिया है नवयुग पालिका योजना। नए जमाने की आधुनिक नगर पालिका बने, आधुनिक हमारे डायरेक्ट हेडक्वाटर दिखें। इस दृष्टि से एक हम लोगों ने योजना प्रस्तावित किया था, जिसको माननीय मुख्यमंत्री जी ने बजट में मंजूर किया था। यह पांच साल की योजना है। पचहत्तर में से सत्रह हमारे नगर निगम हैं। उनको छोड़ करके अट्ठावन जो हमारे जिला मुख्यालय हैं, उन पर यह योजना लागू पड़ेगी।*

**नगर विकास मंत्री ने बताया कि गोरखपुर शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए चिलुआताल में 20 मेगावॉट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर प्लांट लगाने के लिए मंत्रीपरिषद ने स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही बैठक में री–यूज ट्रीटेड वॉटर पॉलिसी को भी मंजूरी दी गई, इसके तहत घरों और उद्योगों में उपयोग किये गये पानी का शोधन कर उसे दोबारा प्रयोग किया जा सकेगा।**

————————————

लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार और एक निजी एआई कंपनी के बीच पच्चीस हजार करोड़ रूपए के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसके अंतर्गत प्रदेश में अत्याधुनिक डेटा सेंटर आधारित एआई पार्क स्थापित किए जाएंगे। प्रदेश सरकार के सोशल मीडिया एकांउट पर यह जानकरी साझा करते हुए बताया गया कि इस पहल के तहत सुशासन और नागरिक सेवाओं के लिए एआई कॉमन्स तथा युवाओं के कौशल विकास के लिए एआई विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी, जो उत्तर प्रदेश को भारत का अग्रणी एआई प्रदेश बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी कदम है।

———————————

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने आजमगढ़ शहर के लिये 15 किलोमीटर लम्बे चार लेन वाले दक्षिण–पूर्व बाईपास के निर्माण के लिये स्वीकृति प्रदान कर दी है। तीन सौ अड़सठ दशमलव आठ पांच करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना को पूरा करने की जिम्मेदारी एक निजी कंस्ट्रक्शन कम्पनी को सौंपी गई है। यह बाईपास रानी–का–सराय गांव के पास से शुरू होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास खत्म होगा। इसके बनने से आजमगढ़ के आसपास एक रिंग रोड तैयार हो जाएगी, जिससे शहर के अंदर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और आवागमन आसान हो जाएगा।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलिदान दिवस पर महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को नमन करते हुए उनके साहस, समर्पण और राष्ट्रप्रेम को प्रेरक बताया। उधर, प्रयागराज में शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी याद में 21 गन शॉट की सलामी दी गई।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रदेश के खेल राज्यमंत्री गिरिशचंद्र यादव ने कहा हैकि प्रदेश में खेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। खेल मंत्री ने आज लखनऊ में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि ग्रामीण स्तर पर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर स्टेडियमों का निर्माण कराया गया। अब तक 125

ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अभी भी 39 ग्रामीण स्टेडियम परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं, जिन्हें जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश की योगी सरकार हर विकास खंड स्तर पर एक ग्रामीण खेल मिनी स्टेडियम के निर्माण की कार्रवाई के साथ उस संकल्प और उस संरचना के साथ आगे कदम बढ़ाया और आने वाले दिनों में इसका और परिणाम आपको दिखाई पड़ेगा। आज जो है हमारे पूरे उत्तर प्रदेश में सत्तावन हज़ार छह सौ पंचानबे ग्राम पंचायतें उन ग्राम पंचायतों में तिरेपन हजार सात सौ युवक मंगल दल और बावन हज़ार तीन सौ चौवन महिला मंगल दलों का गठन के काम को भी पूरा कर लिया।*

———————————

चत्र नवरात्र के पांचवे दिन आज मां दुर्गा के स्कंद माता स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश के प्रमुख देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में बड़ो संख्या में श्रद्धालु दर्शन—पूजन कर रहे है। वाराणसी में मीरघाट स्थित शक्तिपीठ विशालाक्षी गौरी आर जैतपुरा स्थित बागेश्वरी देवी के दरबार में विशेष पूजा की जा रही है। एक रिपोर्ट.....

*काशी में आज माँ स्कंदमाता के स्वरूप की आराधना की जा रही है। वाराणसी में यह दिव्य स्वरूप माँ बागेश्वरी देवी के रूप में विद्यमान है। देवी मंदिर में माँ के दर्शनों के लिए रात्रि से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। माँ स्कंदमाता के इस बागेश्वरी स्वरूप को विद्या की देवी के रूप में पूजा जाता है। वहीं, बाबा विश्वनाथ के दरबार से माँ विशालाक्षी के लिए विशेष भेंट अर्पित की गई है। आज रात्रि माँ का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जो भक्तों के लिए एक अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव लेकर आएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

**जनपद बलरामपुर के प्रसिद्ध मां पाटेश्वरी देवीपाटन शक्तिपीठ पर नेपाल से आज नवरात्र की पंचमी तिथि को बाबा रतन नाथ की यात्रा बड़े ही धूमधाम से सैकड़ा श्रद्धालुओं के साथ पहुंचों। एक रिपोर्ट.....**

*प्राचीन परंपरा के अनुसार पंचमी तिथि से नवमी तिथि तक देवीपाटन शक्तिपीठ के पूजा पाठ की जिम्मेदारी नेपाल से आए बाबा रतन नाथ के शिष्यों द्वारा की जाएगी। नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने कहा कि भारत और नेपाल का सांस्कृतिक, धार्मिक और आत्मीय संबंध सदियों से रहा है। यहां लगाये गये मेले में भी लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। रामकुमार मिश्र, आकाशवाणी सामचार बलरामपुर।*

———————————

**अयोध्या में 27 मार्च को रामनवमी के अवसर पर एक बार फिर रामलला का दिव्य सूर्य तिलक होगा। यह अनोखा और अद्‌भुत दृश्य दोपहर 12 बजे देखने को मिलेगा, जब सूर्य की किरणें सीधे भगवान रामलला के मस्तक पर तिलक करेंगी। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि यह सूर्य तिलक लगभग 4 मिनट तक रहेगा और इसे अत्याधुनिक वैज्ञानिक तकनीक की मदद से संभव बनाया गया है। बाइट.....**

*सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर चार मिनट के लिए आएंगी। यह योजना भारत के माननीय प्रधानमंत्री जी के मन का विचार है और वो सूर्य की किरणें अपने आप आएंगी, उन यंत्रों पर पड़ेंगी। यंत्रों के माध्यम से फिजिक्स में एक तरीका है, उसको कहते हैं रेफ्लेक्शन तो रेफ्लेक्शन प्रोसेस है ये।*

———————————

प्रयागराज में फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में प्रयागराज–लखनऊ हाईवे पर स्थित एक कोल्ड स्टोरेज की छत ढहने से चार मजदूर की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि हादसे के वक्त वहां 120 लोग मौजूद थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने और घायलों को समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं।

(समाप्त)